तापसी पर क्यों भड़की रंगोली, गुस्से में कह दिया कंगना की सस्ती कॉपी!

..तापसी ने ट्रेलर को देखने के बाद अपने सोशल मीडिया अकांउट पर कंगना और फिल्म की तारीफ की। तापसी ने अपने ट्विटर पर लिखा, "ये बेहद कूल है इससे हमेशा से बड़ी उम्मीदें थीं और ये बिल्कुल पैसा वसूल है!"



बॉलीवुड एक्ट्रेस कंगना रनौत की बहन रंगोली चंदेल पिछले कुछ दिनों से लगातार सुर्खियों में बनी हुई हैं। रंगोली चंदेल अपनी बहन कंगना रनौत का हर हाल में साथ देती हैं। रंगोली कंगना के खिलाफ बोलने वाले हर शख्स को करारा जवाब देती हैं, लेकिन रंगोली कई बार शब्दों की सीमा लांघ जाती हैं। हाल ही में कंगना की फिल्म जजमेंटल है क्या का ट्रेलर रिलीज हुआ। ट्रेलर की लोगों ने खूब तारीफ की। फिल्मी हस्तियों ने भी कंगना और राजकुमार राव की एक्टिंग की तारीफ की। इन तारीफ करने वालों में तापसी पन्नू भी शामिल हैं।

तापसी ने की कंगना की फिल्म की तारीफ

तापसी ने ट्रेलर को देखने के बाद अपने सोशल मीडिया अकांउट पर कंगना और फिल्म की तारीफ की। तापसी ने अपने ट्विटर पर लिखा, 'ये बेहद कूल है!!!! इससे हमेशा से बड़ी उम्मीदें थीं और ये बिल्कुल पैसा वसूल है!' इस पोस्ट को पढ़कर कोई भी ऐसा नहीं कह सकता कि तापसी ने फिल्म को लेकर एक शब्द भी गलत बोला है। पूरी लाइन में केवल फिल्म और कंगना की तारीफ की गई है लेकिन इस पोस्ट से कंगना की बहन रंगोली को क्यों गुस्सा आ गया, रंगोली ने तापसी को आड़े हाथ लेते हुए ट्विटर पर खरीखोटी सुना दी। रंगोली ने ऐसा क्यों किया ये बिलकुल नहीं समझ आया।

तापसी की तारीफ से भड़क गई रंगोली

रंगोली ने फिल्म पर किये गये तापसी के ट्वीट का जवाब देते हुए लिखा, 'कुछ लोग कंगना को कॉपी करके अपनी दुकान चलाते हैं, मगर ध्यान दें, वे कभी उसपर गौर नहीं करते और उसकी फिल्म के ट्रेलर की तारीफ करते हुए उसका नाम तक नहीं लेते। आखिरी बार जब मैंने तापसी जी को बोलते हुए सुना था तो वो कह रही थीं कि कंगना को दोगुना फिल्टर की जरूरत है और तापसी जी आपको सस्ती कॉपी होना बंद कर देना चाहिए।'

अनुराग कश्यप का रंगोली को जवाब

अपने ट्वीट में तापसी ने कंगना का नाम नहीं लिखा। रंगोली को उसी बात का बुरा लगा और उन्होंने तापसी को सुना दिया। इस बात से नाराज होकर बॉलीवुड डायरेक्टर अनुराग कश्यप ने रंगोली की बात का जवाब दिया। उन्होंने अपने ट्विटर पर लिखा- रंगोली कमऑन! ये कुछ ज्यादा हो गया है। तापसी पर तुम्हारा कमेंट काफी निराशाजनक है। मुझे नहीं पता कि मैं तुम्हारे इस कमेंट पर क्या कहूं?कश्यप ने आगे कहा कि मैंने कंगना और तापसी दोनों के साथ काम किया है, तापसी ने ट्रेलर की तारीफ की है, ट्रेलर की तारीफ करने का मतलब फिल्म के हर पहलू की तारीफ करना होता है। जिसमें कंगना भी शामिल हैं।

आपको बता दें की फिल्म कंगना और राजकुमार राव की फिल्म जजमेंटल है क्या का ट्रेलर दो दिन पहले ही रिलीज हुआ है। 'जजमेंटल है क्या' 26 जुलाई को रिलीज होगी। फिल्म डबल मर्डर केस पर आधारित है। फिल्म के ट्रेलर ने सोशल मीडिया पर धमाल मचा रखा है। फिल्म के नाम को लेकर काफी विवाद हुआ था जिसके बाद मेंटल है क्या' से 'जजमेंटल है क्या' कर दिया गया।